प्रेस विज्ञप्ति

17 मार्च, 2022

पीएफसी ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुलावठी, बुलंदशहर को वित्तीय सहायता प्रदान की

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त) डॉ. पवन कुमार, अध्यक्ष, आरकेएस और चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी सीएचसी गुलोठी, बुलंदशहर और श्री रिजवानुर रहमान, कार्यकारी निदेशक (सीएसआर) के साथ एमओए पर हस्ताक्षर के दौरान।

नई दिल्ली, 17 मार्च 2022, पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफसी, ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुलावठी के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए । इस समझौता ज्ञापन पर रोगी कल्याण समिति (आरकेएस), गुलावठी द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

एमओए के अनुसार, पीएफसी आईसीयू और सामान्य बिस्तरों सहित चिकित्सा सुविधाओं के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। पीएफ़सी और सीएचसी के बीच इस एमओए पर श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त) पीएफसी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। श्री रिजवानुर रहमान, कार्यपालक निदेशक (सीएसआर), डॉ. पवन कुमार, अध्यक्ष, आरकेएस और चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी सीएचसी गुलावठी, बुलंदशहर, श्री एम. प्रभाकर दास, मुख्य महाप्रबंधक (सीएसआर) और सीएचसी और पीएफसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे।

एनएच-334 पर स्थित, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुलावठी दुर्घटना के अधिकांश मामलों के लिए उपचार का पहला बिंदु है और बुलंदशहर के 25 किलोमीटर के दायरे में रेफरल के पहले बिंदु के रूप में भी कार्य करता है। उन्नयन से चिकित्सा उपकरणों और संसाधनों की कमी के कारण उत्पन्न होने वाली परेशानियों को दूर करने में सहायक सिद्द होगा, जिसके कारण कभी-कभी गंभीर मामलों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो जाती है।

यह परियोजना 3 महीने की समयावधि में लागू की जाएगी और गुलावठी, बुलंदशहर और उसके आसपास के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी। वित्तीय सहायता देने के पीछे का उद्देश्य स्थानीय समुदायों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और वितरण को सुदृढ़ करना है जो शहरी गरीब समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, सामर्थ्य और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। पीएफसी का लक्ष्य समग्र स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देने के साथ ग्रामीण/शहरी आबादी के बीच स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है।

भारत का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, पीएफ़सी स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक पहलों को वित्तीय सहायता देकर समाज के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)